आकाशवाणी शिमला

02.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

राजीव बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य में पिछले कुछ वर्षों में हुए विकास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार की देन बताया है। शिमला स्थित भाजपा मुख्यालय में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के प्रयासों से अटल टनल रोहतांग का निर्माण पूरा हुआ है और इसके अलावा करीब 42 हज़ार करोड़ रूपए की अन्य सड़क परियोजनाओं का कार्य जारी है। राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि प्रदेश कांग्रेस सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने में नाकाम रही है और कांग्रेस ने प्रदेश की आम जनता को ठगा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आपदा के दौरान भी नाकाम रही और कांग्रेस ने केवल भाजपा को कोसने का ही काम किया है।

कांग्रेस बैठक

कांग्रेस नेता व शिमला संसदीय क्षेत्र के पार्टी चुनाव प्रभारी रोहित ठाकुर ने कहा है कि पार्टी प्रदेश की सभी चारों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। शिमला में आज विधायकों व पूर्व विधायकों के साथ एक बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश सरकार के 15 महीनों के विकास कार्यों को जनता के बीच ले जाएगी। रोहत ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी चुनावी गारंटियों को पूरा करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद के पिछले 5 वर्षों के कार्यकाल को निराशाजनक करार दिया।

हाईकोर्ट

प्रदेश उच्च न्यायालय में मुख्य संसदीय सचिव मामले पर आज सुनवाई हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई 22 अप्रैल को रखी गई है। न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति बी.सी. नेगी की खंडपीठ में अब इस मामले को लेकर 22 से 24 अप्रैल तक लगातार सुनवाई होगी। मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्तियों को लेकर कल्पना देवी ने याचिका दायर की है। इसके अलावा भाजपा के 12 विधायकों ने भी इन नियुक्तियों को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

प्रदेश पुलिस

प्रदेश में पुलिस विभाग के प्रयासों से सड़क दुर्घटनाओं और इससे होने वाली मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू ने इस उपलब्धि के लिए विभाग के यातायात, पर्यटक और रेलवे विंग के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष एक जनवरी से 31 मार्च की अवधि के दौरान पिछले वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले दुर्घटनाओं में 14 प्रतिशत, मृत्यु दर में 27 प्रतिशत और दुर्घटनाओं में चोटिल होने के मामलों में 18 प्रतिशत की कमी आई है। संजय कुंडू के अनुसार प्रदेश पुलिस सड़क सुरक्षा सुनिश्चित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विभाग के प्रयास जारी रहेंगे।

अभियान

कांगड़ा ज़िले में पिछले लोकसभा चुनावों में 60 प्रतिशत से कम मतदान वाले केन्द्रों के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि इस उद्देश्य से सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों को संबंधित मतदान केन्द्रों का दौरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन केन्द्रों में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए उपयुक्त कदम उठाने को कहा गया है। ज़िला

निर्वाचन अधिकारी के अनुसार कांगड़ा ज़िले में स्वीप कार्यक्रम के तहत नई व पारंपरिक गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

कार्यकारी अध्यक्ष

कांग्रेस नेता व मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने आज शिमला में पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनावों में पार्टी की जीत के लिए कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का कार्यकाल काफी उतार चढ़ाव वाला रहा है और आने वाले समय में भी सरकार व संगठन के बीच तालमेल बनाने का प्रयास किया जाएगा।

महिला कांग्रेस

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में चारों संसदीय सीटों पर पार्टी की जीत के लिए महिला कांग्रेस बढ़–चढ़ कर चुनाव प्रचार करेगी। उन्होंने आज शिमला में बताया कि इसके लिए सभी ब्लॉकों में महिला कांग्रेस पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण ज़िम्मेवारियां दी जाएंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा महिला, किसान, युवा और मजदूर विरोधी रही है।

भूस्खलन

मौसम अनुकूल होते ही लाहौल–स्पीति ज़िले में बर्फ पिघलने की रफ्तार तेज़ हो गई है। बर्फ पिघलने के कारण ज़िले में संपर्क सड़कों में भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। केलंग से हमारे ज़िला संवाददाता कुंदन लाल के अनुसार मनाली–लेह मार्ग पर सिस्सू के समीप करीब 10 मीटर के हिस्से में सड़क धंस गई है। हालांकि सीमा सड़क संगठन द्वारा इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बहाल रखी गई है और सड़क के दोनों ओर मशीनरी तैनात की गई है।

खेलकूद

कांगड़ा ज़िले के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की पुरूष वर्ग की ज़िलास्तरीय खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता आज शुरू हुई। इस प्रतियोगिता में ज़िलेभर से 20 आई.टी.आई. संस्थानों के करीब 6 सौ 20 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

....